उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर,
लखनऊ – 226010

संख्या- 38 /20/कम्प्यू0अनु0/2016-2021/09(2)/2016

लखनऊ : दिनांक : 12 अक्टूबर, 2021

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-09(2)/2016, आबकारी सिपाही (सामान्य चयन)-2016 के अंतर्गत आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद के नियंत्रणाधीन आबकारी सिपाही के कुल रिक्त 405 पदों पर चयन हेतु संपन्न लिखित परीक्षा एवं शारीरिक मापदंड तथा शारीरिक परीक्षा के आधार पर चयन के अगले चरण साक्षात्कार हेतु अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों का परिणाम दिनांक-17-08-2021 को प्रकाशित किया गया है । तदनुक्रम में उक्त परिणाम से संबन्धित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाताहै कि उनका साक्षात्कार दिनांक 26-10-2021 से 01-12-2021 तक उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, पिकप भवन, तृतीय तल, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ स्थित कार्यालय में आयोजित किया जायेगा।

2- प्रश्नगत साक्षात्कार से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि साक्षात्कार-पत्र व अन्य 04 प्रपत्र डाउनलोड करने हेतु अभ्यर्थी पहले अपनी श्रेणी यथा- अनारक्षित, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के अनुसार क्रमश: रु० 60, 60, 20 तथा 20 (अनारक्षित व ओ०बी०सी०-60 रू० तथा एस०सी० व एस०टी०-20 रू०) ऑनलाइन साक्षात्कार शुल्क जमा करेगें । साक्षात्कार शुल्क जमा करने के उपरान्त ही अभ्यर्थी अपना साक्षात्कार-पत्र व अन्य 04 प्रपत्र डाउनलोड कर सकेगा। साक्षात्कार शुल्क जमा करने के लिए अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के Homepage पर उपलब्ध Examination/Interview Segment के अंतर्गत Download Interview Letter पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर, जन्मतिथि व जेन्डर भर कर Download Interview Letter क्लिक करेगा, तदनुक्रम में अभ्यर्थी Application Fee Payment Module में वांछित प्रविष्टियां अंकित कर आगे की प्रक्रिया पूर्ण करेगा।

3- साक्षात्कार से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि उनके शैक्षिक अभिलेखों का परीक्षण नहीं हुआ है । साक्षात्कार के समय गहनता से सभी मूल अभिलेखादि का परीक्षण किया जायेगा । अतः साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने वाले समस्त अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक व अन्य अभिलेखादि की मूल प्रतियों एवं छायाप्रतियों के साथ ही साक्षात्कार पत्र के साथ डाउनलोड किये गये अन्य 04 प्रपत्रों एवं सूचना के साथ संलग्न अभ्यर्थी का स्वघोषणा पत्र को प्रिन्ट कर व भरकर, निर्धारित तिथि व समय पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

4- अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह साक्षात्कार के लिए निर्धारित तिथि, समय एवं पाली पर साक्षात्कार हेतु आयोग कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे । उक्त के अतिरिक्त यदि कोई अभ्यर्थी कोविड-19 प्रोटोकॉल के दृष्टिगत निर्धारित तिथि पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित नहीं हो पा रहा है, तो वह अभ्यर्थी दिनांक 01-12-2021 की सायं 05:00 बजे तक अपना प्रार्थना पत्र साक्ष्य/कारण सहित आयोग कार्यालय में भेज सकता है और ऐसे अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक 04-12-2021 को पूर्वाह्न 10 बजे आहूत किया जाएगा, जिसके लिए कोई पृथक से सूचना नहीं दी जाएगी। इसके पश्चात साक्षात्कार हेतु अन्य कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा। अतः ऐसे अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे उनके साक्षात्कार हेतु निर्धारित तिथि 04-12-2021 को पूर्वाह्न 10 बजे प्रत्येक दशा में आयोग कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

संलग्नक- यथोपरि।

12.10.21

(प्रियंका सिंह)
उपसचिव/प्रभारी सचिव।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर, लखनऊ।
विज्ञापन संख्या-09(2)/2016,
आबकारी सिपाही (सामान्य चयन)-2016

अभ्यर्थी का स्व घोषणा-पत्र

अनुक्रमांक- ....

साक्षात्कार तिथि- ....

1- मैं आयोग परिसर/कार्यालय में अनावश्यक विचरण नहीं करूँगा और न ही यत्र-तत्र थूकूँगा।
2- मैने अपना मोबाइल फोन अपने पारिवारिक सदस्य/ कोविड हेल्प डेस्क पर स्विच आफ कर जमा कर दिया है।

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर.....................................
पंजीकरण संख्या.......................................

*जो लागू न हो, उसे काट दिया जाए।

प्रभारी, हेल्प डेस्क द्वारा भरा जाए-

परीक्षण की तिथि ..../............./2021

पाली ....

हस्ताक्षर...
नाम..
प्रभारी, हेल्प डेस्क

टेबल सं0